पंचदश बिहार विधान सभा

प्रथम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-4 शुक्रवार, दिनांक- 03 दिसम्बर, 2010 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वा० से 12.35 बजे अप० तक ।

सभा सचिव ने शपथ / प्रतिज्ञान हेतु शेष बचे माननीय सदस्य का नाम पुकारा, लेकिन माननीय सदस्य अनुपस्थित रहे ।

[1] **महामहिम राज्यपाल का संदेश :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नलिखित संदेश से सदन को अवगत कराया :-

''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, देवानन्द कुँवर, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा एकत्रित बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को दिनांक 03.12.2010 को 11.30 बजे पूर्वा० में सम्बोधित करना चाहता हूँ और इस हेतु पटना के विधान सभा वेश्म में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।

पटना — ह०/- देवानन्द कुँवर

28 नवम्बर, 2010 — राज्यपाल, बिहार ।''

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सभा की अनुमति से महामहिम राज्यपाल को बुलाने सदन से बाहर गए । इस दौरान सभा में बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण आए । इसके बाद महामहिम राज्यपाल महोदय का आगमन सदन में हुआ तथा उनके आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया ।

[2] **राज्यपाल का अभिभाषण :-**

सभा सचिव ने महामहिम राज्यपाल से सह समवेत दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने हेतु अनुरोध किया ।

तदुपरान्त महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के बाद पुन: राष्ट्रीय धुन बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद् महामहिम राज्यपाल महोदय को सदन से बाहर तक विदा करने गए । इस दौरान विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण वापस गए । विदा करने के पश्चात् पुन: माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि :-

(i) माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार को सदन नेता के रूप में मान्यता प्रदान की गई है तथा

(ii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स० को नेता विरोधी दल के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है ।

[3] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश विधान सभा के प्रथम सत्र के लिए निम्नांकित सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री रामेश्वर पासवान

(ii) श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह

(iii) श्री ललित कुमार यादव

(iv) श्रीमती गुड्डी देवी

[4] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने पंचदश विधान सभा के प्रथम सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	-	सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	-	सदस्य
(iii)	श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री	-	सदस्य
(iv)	श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री	-	सदस्य
(v)	श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री	-	सदस्य
(vi)	श्री नन्द किशोर यादव, मंत्री	-	सदस्य
(vii)	श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, नेता विरोधी दल	-	सदस्य
(viii)	श्री श्रवण कुमार, स०वि०स०	-	सदस्य

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[5] **अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-**

सभा सचिव ने बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित तथा सत्रोपरांत महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों का निम्न विवरण सभा पटल पर रखा :-

क्रमांक	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
1.	यूनिवर्सिटी ऑफ नालन्दा (निरसन) विधेयक, 2010	23.08.2010
2.	बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2010	30.07.2010
3.	बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2010	30.07.2010